भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2296**

**20 दिसंबर, 2022 को उत्तरार्थ**

**विषय: प्रति व्यक्ति आय**

**2296. डॉ.श्रीकांत एकनाथ शिंदे:**
**डॉ. हिना विजयकुमार गावीत:**
**डॉ. सुजय विखे पाटील:**
**श्री कृष्णपालसिंह यादव:**
**प्रो. रीता बहुगुणा जोशी:**

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कृषि क्षेत्र में कार्यरत लोगों की प्रति व्यक्ति आय कितनी है;
(ख) क्या प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना देश में किसानों के स्तर को ऊपर उठाने में सफल रही है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) विभिन्न राज्यों को निधियों के आवंटन और वितरण के लेखे-जोखे का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री**

**(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

(क) राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने कृषि वर्ष जुलाई 2018- जून 2019 के संदर्भ में एनएसएस 77वें दौर (जनवरी 2019-दिसंबर 2019) के दौरान देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि परिवारों का स्थिति आकलन सर्वेक्षण (एसएएस) किया। एसएएस के परिणाम के अनुसार, 2018-19 के दौरान प्रत्येक कृषि परिवार की औसत मासिक आय 10,218 रूपए है।

(ख) से (घ) प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसका कार्यान्वयन 1 दिसंबर, 2018 से किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य देश भर में भू-धारक किसान परिवारों को, कतिपय अपवर्जन के अधीन, वित्तीय सहायता प्रदान करना हैताकि उन्हें कृषि और संबद्ध गतिविधियों के साथ-साथ घरेलू आवश्यकताओं से संबंधित खर्चों

को पूरा करने मेंसक्षम बनाया जा सके। योजना के तहत प्रति वर्ष6000/- रुपये की राशि 2000/- रुपये की तीन 4-मासिक किश्तों में सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित की जाती है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र पीएम-किसान योजना के तहत लाभार्थियों की पहचान और सत्यापन करते हैं। लाभार्थी उस 4-मासिक अवधि से योजना का लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं, जिसमें वे योजना के तहत पंजीकृत हैं। पीएम-किसान पोर्टल पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त सत्यापित आंकड़ों के आधार पर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण मोड के माध्यम से लाभार्थियों को लाभ अंतरित किया जाता है। राज्यों को निधियों का आवंटन/वितरण नहीं है। 14.12.2022 की स्थिति के अनुसार योजना के तहत विभिन्न किश्तों में लाभार्थियों को 2.2 लाख करोड़ रूपए से अधिक का वितरण किया गया है। पीएम-किसान के तहत जारी निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

**अनुबंध**

## दिनांक 20.12.2022 को देय लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2296 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर के संबंध में उल्लिखित अनुबंध

### पीएम किसान से संबंधित ब्यौरा

### अवधि-वार जारी राशि (रूपए में)

| क्र. सं. | राज्य | 2018-19 | 2019-2020 | | | 2020-2021 | | | 2021-2022 | | | 2022-2023 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | दिसंबर 18-मार्च 19 | अप्रैल-जुलाई 19 | अगस्त-नवंबर 19 | दिसंबर 19-मार्च 20 | अप्रैल-जुलाई 20 | अगस्त-नवंबर 20 | दिसंबर 20-मार्च 21 | अप्रैल-जुलाई 21 | अगस्त-नवंबर 21 | दिसंबर 21-मार्च 22 | अप्रैल-जुलाई 22 | अगस्त-नवंबर 22 |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार दवीप समूह | 202,14,000 | 274,28,000 | 373,68,000 | 349,96,000 | 325,76,000 | 325,08,000 | 322,22,000 | 333,04,000 | 313,36,000 | 307,40,000 | 305,40,000 | 195,32,000 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 66337,08,000 | 86038,78,000 | 85931,14,000 | 99065,26,000 | 99513,78,000 | 95315,80,000 | 91640,18,000 | 103621,18,000 | 91755,18,000 | 95289,88,000 | 93256,12,000 | 90055,48,000 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 36,30,000 | 139,76,000 | 932,08,000 | 1871,40,000 | 1901,18,000 | 1834,98,000 | 1941,06,000 | 1894,60,000 | 1874,78,000 | 1893,32,000 | 2159,98,000 | - |
| 4 | असम | 23107,80,000 | 53478,60,000 | 45491,64,000 | 40418,64,000 | 37923,80,000 | 24405,32,000 | 32031,88,000 | 29882,78,000 | 34065,18,000 | 27375,76,000 | 15337,66,000 | 15366,96,000 |
| 5 | बिहार | 5016,22,000 | 58152,76,000 | 103673,04,000 | 130340,32,000 | 146606,14,000 | 157411,26,000 | 156121,18,000 | 164462,22,000 | 165867,18,000 | 172997,72,000 | 171021,88,000 | 164614,42,000 |
| 6 | चंडीगढ़ | 98,000 | 4,88,000 | 13,86,000 | 8,70,000 | 8,64,000 | 8,60,000 | 8,04,000 | 7,84,000 | 7,56,000 | 8,86,000 | 30,000 | - |
| 7 | छत्तीसगढ | 2260,70,000 | 21279,32,000 | 39322,26,000 | 43748,32,000 | 55422,74,000 | 55414,46,000 | 62437,46,000 | 62481,44,000 | 66513,36,000 | 62984,20,000 | 68989,34,000 | 45869,20,000 |
| 8 | दिल्ली | - | - | 472,30,000 | 259,74,000 | 275,60,000 | 289,28,000 | 287,90,000 | 309,38,000 | 301,32,000 | 305,06,000 | 329,28,000 | 244,16,000 |
| 9 | गोवा | 48,78,000 | 85,20,000 | 193,24,000 | 152,76,000 | 180,76,000 | 194,34,000 | 181,60,000 | 208,14,000 | 185,32,000 | 166,54,000 | 196,02,000 | 134,46,000 |
| 10 | गुजरात | 57178,22,000 | 81980,92,000 | 104866,20,000 | 101644,26,000 | 114602,66,000 | 114707,10,000 | 108753,00,000 | 118378,22,000 | 116476,58,000 | 125076,88,000 | 120282,50,000 | 105377,46,000 |
| 11 | हरियाणा | 19328,70,000 | 27340,86,000 | 32546,80,000 | 31393,88,000 | 37908,18,000 | 38764,02,000 | 38540,86,000 | 36220,10,000 | 39739,78,000 | 38665,92,000 | 39103,54,000 | 25654,20,000 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 9140,54,000 | 16394,30,000 | 18048,70,000 | 18093,10,000 | 18289,72,000 | 18514,74,000 | 18137,36,000 | 18637,62,000 | 19100,88,000 | 19253,22,000 | 19814,34,000 | 11079,38,000 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 9157,18,000 | 15568,96,000 | 18675,38,000 | 22482,98,000 | 20907,66,000 | 24874,00,000 | 23304,84,000 | 18733,66,000 | 18341,96,000 | 29382,02,000 | 25222,38,000 | 8491,66,000 |
| 14 | झारखंड | 11271,04,000 | 14616,06,000 | 27723,92,000 | 14187,82,000 | 43925,64,000 | 50478,02,000 | 46010,06,000 | 38721,94,000 | 36141,80,000 | 37695,86,000 | 71703,16,000 | 25434,24,000 |
| 15 | कर्नाटक | 397,44,000 | 65616,22,000 | 108386,96,000 | 104973,66,000 | 103393,16,000 | 106152,50,000 | 106325,90,000 | 107081,38,000 | 109209,60,000 | 70947,20,000 | 130065,12,000 | 100120,86,000 |
| 16 | केरल | 19159,38,000 | 45318,86,000 | 80095,02,000 | 68413,64,000 | 68262,54,000 | 71379,08,000 | 71791,20,000 | 69435,02,000 | 73931,74,000 | 75229,48,000 | 70666,36,000 | 39310,56,000 |
| 17 | लद्दाख | 142,88,000 | 228,42,000 | 357,30,000 | 294,22,000 | 319,68,000 | 273,66,000 | 331,84,000 | 352,24,000 | 365,62,000 | 361,54,000 | 364,78,000 | 342,94,000 |
| 18 | लक्षद्वीप | - | - | - | 30,30,000 | 28,52,000 | 23,08,000 | 16,62,000 | 25,76,000 | - | - | - | - |
| 19 | मध्य प्रदेश | 185,76,000 | 50121,92,000 | 120009,06,000 | 141182,82,000 | 183162,98,000 | 164994,54,000 | 167840,54,000 | 175750,40,000 | 169816,60,000 | 173707,96,000 | 172989,54,000 | 166514,02,000 |
| 20 | महाराष्ट्र | 43681,26,000 | 101006,82,000 | 194025,64,000 | 194826,96,000 | 218890,82,000 | 228218,64,000 | 220063,12,000 | 192653,94,000 | 231641,46,000 | 218769,28,000 | 205981,98,000 | 186230,86,000 |
| 21 | मणिपुर | 627,00,000 | 584,88,000 | 2434,98,000 | 5650,92,000 | 9515,32,000 | 7077,66,000 | 7230,04,000 | 5878,48,000 | 5683,46,000 | 6144,96,000 | 10591,62,000 | 8695,18,000 |
| 22 | मेघालय | 186,14,000 | 786,18,000 | 1434,60,000 | 2118,42,000 | 3467,28,000 | 3581,84,000 | 3681,20,000 | 3697,04,000 | 4016,86,000 | 3844,84,000 | 687,82,000 | 483,04,000 |
| 23 | मिजोरम | 541,50,000 | 1174,54,000 | 1431,48,000 | 1288,62,000 | 2655,46,000 | 2705,12,000 | 2998,72,000 | 2200,38,000 | 2180,30,000 | 2065,72,000 | 1804,30,000 | 1828,20,000 |
| 24 | नागालैंड | 646,02,000 | 1764,38,000 | 3446,42,000 | 3905,58,000 | 4130,90,000 | 4067,94,000 | 3997,16,000 | 3524,26,000 | 4471,80,000 | 4256,30,000 | 3780,94,000 | 4214,48,000 |
| 25 | ओडिशा | 19477,20,000 | 59858,68,000 | 57559,68,000 | 51252,30,000 | 43113,00,000 | 46786,24,000 | 55907,78,000 | 105614,18,000 | 84416,84,000 | 76978,72,000 | 70984,76,000 | 43540,12,000 |
| 26 | पुदुचेरी | 85,28,000 | 115,62,000 | 278,40,000 | 196,70,000 | 220,06,000 | 227,46,000 | 209,70,000 | 206,86,000 | 206,06,000 | 206,12,000 | 205,72,000 | 200,60,000 |
| 27 | पंजाब | 23622,04,000 | 31285,44,000 | 48339,10,000 | 46647,16,000 | 41788,98,000 | 38485,74,000 | 37447,08,000 | 35700,98,000 | 34909,36,000 | 34958,98,000 | 34071,74,000 | 4128,92,000 |
| 28 | राजस्थान | 1299,44,000 | 119147,24,000 | 113798,88,000 | 103926,10,000 | 146294,82,000 | 142501,90,000 | 143262,82,000 | 153911,64,000 | 146810,02,000 | 152431,86,000 | 149314,02,000 | 112132,12,000 |
| 29 | सिक्किम | - | 39,60,000 | 80,14,000 | 33,10,000 | 232,92,000 | 121,88,000 | 158,28,000 | 231,32,000 | 203,86,000 | 196,82,000 | 221,62,000 | 121,56,000 |
| 30 | तमिलनाडु | 43224,94,000 | 66083,84,000 | 75297,62,000 | 71687,52,000 | 93363,02,000 | 90279,02,000 | 75675,50,000 | 79119,64,000 | 74479,16,000 | 74207,74,000 | 70751,04,000 | 45263,84,000 |
| 31 | तेलंगाना | 40557,00,000 | 73422,04,000 | 72328,66,000 | 66443,00,000 | 74857,70,000 | 73550,72,000 | 72990,54,000 | 73041,00,000 | 79391,20,000 | 75245,86,000 | 74076,60,000 | 65487,94,000 |
| 32 | दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन और दीव | 151,60,000 | 228,14,000 | 303,30,000 | 275,84,000 | 291,80,000 | 188,20,000 | 194,96,000 | 209,44,000 | 268,26,000 | 360,90,000 | 370,92,000 | 252,36,000 |
| 33 | त्रिपुरा | 3037,26,000 | 3639,88,000 | 3994,16,000 | 3709,40,000 | 4292,32,000 | 4273,94,000 | 4447,30,000 | 4398,14,000 | 4371,46,000 | 4623,54,000 | 5358,90,000 | 4932,38,000 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 223872,00,000 | 320643,70,000 | 373953,02,000 | 405995,90,000 | 505645,88,000 | 462012,80,000 | 475427,54,000 | 551065,76,000 | 504908,34,000 | 519819,72,000 | 503956,46,000 | 362364,48,000 |
| 35 | उत्तराखंड | 8307,56,000 | 10736,32,000 | 16777,34,000 | 15686,56,000 | 16952,46,000 | 17478,02,000 | 17432,90,000 | 17464,90,000 | 18579,42,000 | 18654,40,000 | 18218,30,000 | 13424,26,000 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | - | - | - | - | - | - | - | 57350,00,000 | 97997,88,000 | 107443,74,000 | 103011,88,000 | 92249,10,000 |
| | कुल | 632287,38,000 | 1327157,40,000 | 1752596,00,000 | 1792555,86,000 | 2098671,88,000 | 2046916,98,000 | 2047148,38,000 | 2232804,92,000 | 2238543,54,000 | 2231858,32,000 | 2255196,32,000 | 1744354,76,000 |

*****